(v) to explore the possibilities of setting up marketing companies abroad, either directly or in joint collaboration for increase of export of manufactured products.

(b) To achieve these objectives/plans, the Corporation has been restructured into homogenous groups to provide in-depth attention to its three major fields of activities i.e. import management, commodity exports and manufactured product exports, which require different types of skills and trading methods. Delegation of powers has been enlarged in order to provide authority with responsibility at various levels for decentralised operational decision making.

सेवा-निवृत्त व्यक्तियों की पेंशन में वृद्धि

4641. श्री सत्यनारायण जटिया : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार के सेवा-निवृत्त कर्मचारियों को दी जा रही पेंशन की दर में वृद्धि की गई है ; और यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ख) क्या बढ़ते हुए मूल्यों को देखते हुए पेंशन की राशि में वृद्धि करने की मांग की गई है और उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सवाई सिंह सिसोदिया) : (क) 31-3-1979 को अथवा उसके बाद सेवानिवृत्त होने वाले केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को स्वीकृत पेंशन की दर में संशोधन कर दिया गया है और वह ऐसी स्लेब पर आधारित है, जिसके अनुसार ऐसे सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को जिनका वेतन 1000/- रुपये तक है उनकी परिलब्धियों के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन दी जाती है । सामान्य नीति के अनुसार स्लैब पद्धति लागू करने से संबन्धित आदेशों को भूतलक्षी प्रभाव नहीं दिया गया है ।

(ख) जी हां । केन्द्रीय सरकारी पेंशनभोगियों को तीसरे वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार पेंशन पर मंहगाई सम्बन्धी राहत दी जाती है । अखिल भारतीय कार्मचारी वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 12 मास के औसत में प्रत्येक 16 अंकों की वृद्धि होने पर पेंशनभोगियों को पेंशन के 5 प्रतिशत के बराबर राहत की एक किश्त दी जाती है जो कि कम से कम 5 रु० और अधिक से अधिक 25 रुपए होती है । अभी तक राहत की 10 किश्तें दी जा चुकी हैं जिनकी राशि कम से कम 50 रुपए और अधिक से अधिक 250 रुपए है।

कोटा और जैसलमेर के लिये विमान सेवा

4642. श्री अशोक गहलोत : क्या पर्यटन और नगर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या औद्योगिक तथा पर्यटन की दृष्टि से कोटा और जैसलमेर के लिए विमान सेवा आरम्भ करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा यह योजना कब तक क्रियान्वित की जायेगी; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री अनन्त प्रसाद शर्मा) : (क) से (ग)। इंडियन ऐयरलाइन्स के टर्बो-प्राप विमान बेड़े के मौजूदा समय सारणी के परिचालन में पूर्णतया व्यस्त होने के कारण उनकी किन्हीं नये स्थानों को विमान सेवा से जोड़ने की कोई योजना नहीं है ।